# जेवर एयरपोर्ट को एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। बल्लभगढ़ से गुजर रहे इस एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए 31 किलोमीटर सड़क बनानी पड़ेगी। इस हाइवे को बनाने के लिए हरियाणा सरकार भी राजी हो गई है।

हरियाणा व उत्तर प्रदेश की सरकारें अपने-अपने हिस्से की जमीन का अधिग्रहण करेंगी और निर्माण एनएचएआई करेगा। इसके बनने से सड़क मार्ग से करीब एक घंटे में जेवर एयरपोर्ट से आईजीआई पहुंच सकेंगे। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को बनाया जा रहा है। यह करीब 1250 किलोमीटर लंबा है।

एनएचएआई इस एक्सप्रेसवे को आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली से जोड़ने के लिए 7 चरणों में सड़क का निर्माण कर रहा है। इसका कुछ हिस्सा एलिवेटेड भी है। इसकी लंबाई करीब 92 किमी है।